स्थापित करते समय प्राथमिकता दी जाएगी, क्या लाइसेंस देते वक्त इस बात का ध्यान रखा जाता है कि जो इलाके ज्यादा पिछड़े हैं, उनको प्राथमिकता दी जाए।

SHRI S.M. KRISHNA : The Government itself does not promote industries except in the core sector, but whenever the promoters come forward to set up industries, it is the responsibility of the Government to creat the right kind of conditions and create the right type for atmosphere and provide the infra-struture for industries to develop If there are entrepreneurs who come from Madhya Pradesh they will be encouraged.

### गुजरात में पोलियो के कारण मौतें

\+

*276. श्री जगपाल सिंह :
श्री जयपाल सिंह कश्यप :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में 10 जुलाई, 1984 तक पोलियो के कारण लगभग 500 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है और यदि हां, तो इस बीमारी के स्थायी इलाज के लिए केन्द्रीय सरकार ने क्या व्यवस्था की है ;

(ख) क्या सरकार ने मृतकों के परिवारों को कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार पोलियो से मरने वालों के आश्रितों को 50,000 रुपए की सहायता देने पर विचार कर रही है ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI KUMUDBEN M. JOSHI) : (a) to (c) As per information obtained from the State Government, three deaths occured in Gujarat due to poliomyelitis between January and June 1984. There is no proposal for providing financial assistance to the families of the deceased.

श्री जगपाल सिंह : अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री महोदय ने मेरे प्रश्न के उत्तर में कहा है कि गुजरात सरकार से मिली इंफार्मेशन के अनुसार पोलियो से मरने वाले लोगों की संख्या सिर्फ तीन है, जबकि दैनिक अखबार "जनसत्ता" में जो रिपोर्ट गुजरात के संबंध में छपी है...

अध्यक्ष महोदय : आप जनसत्ता को क्यों कोट कर रहे हैं .....

श्री जगपाल सिंह : जनसत्ता के अलावा गुजरात के साथियों और अफसरों से बातचीत के जरिए जो इंफार्मेशन मुझे मिली है, उसके अनुसार वहां 500 से कम मरने वालों की संख्या नहीं है। क्या मैं माननीय मंत्री जी से जान सकता हूं कि गुजरात में एकदम से इस बीमारी के फैलने के क्या कारण हैं, क्या सरकार ने उसकी कोई जांच कराई है, यदि हां, तो उसकी रिपोर्ट क्या है?

कुमारी कुमुदबेन एम० जोशी : अध्यक्ष जी, मुझे लगता है कि माननीय सदस्य को कुछ कंफ्यूजन हो गया है। सवाल उन्होंने पोलियो के लिये पूछा है और सूचना किसी और डिजीज के लिये दे रहे हैं।

I suppose, the hon. Member is somewhat confused. Perhaps, he is referring to some other disease. First he should get himself cleared up. So far as polio is concerned, the State Government has given the figures.

यह तो उनको समझना चाहिये। 500 जो मरे हैं वह पोलियो से नहीं मरे हैं। पोलियो से जो मरे हैं 1982 में 7, 1983 में 10 और 1984 जून तक 3 मरे हैं।

एक माननीय सदस्य : पोलियो नहीं पीलिया।

श्री जगपाल सिंह : हालांकि पीलिया से संबंधित प्रश्न था लेकिन उसको कंवर्ट कर दिया है पोलियो में।

श्री मनीराम बागड़ी : लिखने वाले सारी गलती कर देते हैं।

श्री जगपाल सिंह : अध्यक्ष जी, देश के किसी भी प्रदेश में इस तरह की बीमारी फैल जाती है तो मैंने सवाल किया था कि क्या सरकार उनके आश्रितों को कुछ घटिया सहायता देने पर विचार कर रही है ? इस का जवाब नहीं आया। लेकिन भविष्य के लिये बड़े पैमाने पर अगर देश में इस तरह की बीमारी फैल जाती है तो क्या भारत सरकार का वित्तीय सहायता का प्रावधान भविष्य में है ?

कुमारी कुमुदबेन एम० जोशी : मैंने जवाब में कहा है कि जहां तक पोलियो का संबंध है कोई प्रावधान ऐसा नहीं है कि आर्थिक सहायता दी जाय।

श्री राजेश कुमार सिंह : कोई औषधि की सुविधा देने वाली बात है ?

अध्यक्ष महोदय : आप कैसे पूछ सकते हैं सवाल।

DR V. KULANDAIVELU : The hon. Minister was saying that the death was not due to polio but due to jaundice. Jaundice is also a viral disease and it spreads due to consumption of polluted water. We have discussed the water borne diseases in a previous question. I shall ask a pertinent question. Actually we are dealing with the matter of providing protected drinking water. It is a shame that even after 37 years of Independence and six five year plans, we could not provide protected drinking water. The House must know that the provision of drinking water is not under the Ministry of Health. If it is a strategy, has the Ministry taken up with the Government to bring the subject of providing protected drinking water under their perview ?

KUMARI KUMUDBEN M JOSHI : My hon. friend is a doctor. So he knows the difference between polio and jaundice. Both are viral diseases. We have included polio under the National Immunisation Programme and we are giving polio vaccine to the newly born. So far as jaundice is concerned, it is related with the community hygiene, family hygiene and individual hygiene If the hon. Member wants to know more on this, he will have to give a separate notice.

MR. SPEAKER : Question Hour is over.

— - —

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### Shortage of Medicine and Staff in CGHS Dispensaries in U.P. and Haryana

*269. SHRI CHHANGUR RAM : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether CGHS dispensaries functioning in the suburbs of Delhi i. e. in U P. and Haryana are short of medicines and if so, the reasons therefor ;

(b) whether these dispensaries are short of staff also ; and